NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

# क्लीनिक प्लस और सनसिल्क ब्रांड के नकली शैंपू मार्केट मे बिक रहे! हरिद्वार में पकड़ी गई फैक्ट्री




**हरिद्वार:** मिलावटी नमक और कुट्टू आटा के बाद मार्केट में अब नकली शैंपू भी बिक रहे हैं। हरिद्वार पुलिस ने सिडकुल इलाके में नकली शैंपू बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यहां नकली शैंपू बनाकर उस पर क्लीनिक प्लस और सनसिल्क जैसे ब्रांड का लेबल चिपकाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को अरेस्ट कर लिया है। एक आरोपी भागने में कामयाब रहा। लगभग 15 लाख रुपये का शैंपू और कच्चा माल बरामद किया गया है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttarakhand/haridwar-rishikesh/haridwar-police-recovered-fake-clinic-plus-and-sunsilk-brad-shampoo-from-factory/articleshow/123897174.cms